Property Is residental property situated at Mauza - Tenduni, Thana No- 500, Anchal /Sub-Registry Office - Bikramganj, Survey Khata No- 716, Survey Plot No- 2645, Dist- Rohtas, Bihar, Extent Area- 3,125 Decimal **Boundary:- North-** Sunita Devi W/o Shiv Ji, **South-** Kanchan Devi, **East-** 8 fit Wide Rasta, **West-** Alamgir Khan, Name of Title holder-**Sri Ramesh Kumar Singh** S/o Kamta Prasad SIngh and **Sri Lakshman Singh** S/o Kamta Prasad SIngh, Cersai Asset ID:- 200016325862 , Cersai Security Interest ID:- 400016362534

Authorised Officer (Canara Bank)

BENGALURU NORTH CITY CORPORATION

Office of the Executive Engineer, Yelahanka Division, Bengaluru - 560064.

No. BNCC/EE/YNK,D/KPPP/ 02 /2025-26 Date: 18-11-2025

INVITATION FOR TENDERS (IFT)

Short Term Tender Notification
Two cover system (Only through GoK KPP Portal)

The Executive Engineer, Yelahanka Division, BNCC, Bengaluru on behalf the Commissioner, BNCC Invites Tenders from eligible tenderers for the construction of works detailed below.

Sl. No.	Name of the Work
1	Improvements and Asphalting to selected Major roads in Judicial layout in Yelahanka Assembly Constituency in Bengaluru North City Corporation under CMIDP Scheme 2025-26 (PACKAGE NO-02).
	Amount put to tender : **Rs. 798,96 lakhs,** EMD: **Rs.11,98,500/-.**

Stipulated date of completion; **180 days.**

Calendar of Events: (1) Tender documents may be downloaded from KPP Portal **https://kppp.karnataka.gov.in (2)** Date of Pre-bid meeting **: 24-11-2025 at 15.00 hrs. (3)** Last Date &Time for receipt of tenders: **08-12-2025 at 16.00 hrs. (4)** Date of opening of technical bid : **09-12-2025 after 16:00 hrs.** Further details may be obtained from the above office during office hours or from KPP Portal **https://kppp.karnataka.gov.in**

Sd/- Executive Engineer, Yelahanka Division, BNCC

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

...घरोंदे का प्रतीक ! ...the name you can BANK upon !

CO: SAM, Circle Office Patna, Email: coptnsamd@pnb.bank.in
2nd Floor, Chanakya Tower, R-Block, Patna-800001

POSSESSION NOTICE (For Movable/ Immovable property)

Whereas

The undersigned being the Authorised Officer of the **Punjab National Bank** under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets & Enforcement of Security Interest Act, 2002, and In exercise of powers conferred under Section 13 read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, Issued demand notice(s) on the dates mentioned against each account calling upon the respective borrower/s to repay the amount as mentioned against each account within 60 days from the date of notice(s)/date of receipt of the said notice(s).

The borrower/s having failed to repay the amount, notice(s) is hereby given to the borrower/s and the public in general that the undersigned has taken symbolic/physical possession of the property/ies described herein below in exercise of powers conferred on him under Section 13(4) of the said Act read with Rule 8 of the said Rules on the date mentioned each against account.

The Borrower's /Guarantor/Mortagagor's attention is invited to provision of sub-section (8) of section 13 of the Act In respect of time available to redeem the secured assets.

The borrower/s In particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property/ies and any dealing with the property/ies will be subject to the charge of **Punjab National Bank** for the amount and Interest thereon. **(Amount In Rs.)**

Sl. No.	Name of the Account/ Borrower/Branch / Account No.	Owner of the property	Description of the property mortgaged	Date of Demand Notice	Date of Possession Notice Affixed	Amount outstanding as on date of Demand Notice
1.	**BRANCH:** SME Boring Road (389100) **Borrower: Manish Kumar & Mrs. Puja Kumari A/c No.:** 389100NC00008305	**Shri Manish Kumar & Mrs. Puja Kumari**	All that part and parcel of the property consisting of Sale Deed No.-20044, dated 09.12.2024, F. No-302 on 3rd floor, Satya Residency, Mauza-Chitkohra, Mohalla-Chak Damaria, PS-GardaniBagh, Plot No-1545, Khata No-22, Tauzi No-5118, Thana No-17 having built up area-1375 Sqft and a reserved car parking space ground floor In the name of Mr. Manish Kumar and Mrs. Puja Kumari, **Boundary:**- North: Corridor, SouthcOpen Space of the building, East: Flat No 301, West: Open Space of the building	21.08.2025	15.11.2025	₹ 51,49,976.59 (Rupees Fifty One Lacs Forty Eight Thousand Nine Hundred Seventy Six & Fifty Nine Paisa) and interest thereon.

Date : 15.11.2025 **(Authorised Officer)**
Place : Patna **Punjab National Bank**

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India

ZONAL OFFICE, PATNA ZONE
1st Floor, Chanakya Place, R-Block, Patna- 800001 (Tel. 0612-2506639/2506932)

[Appendix-IV, Rule 8 (1)], Possession Notice (for Immovable Property)

Whereas,

The undersigned being the Authorized Officer of the **BANK OF INDIA, PATNA ZONE** under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of powers conferred under Section 13(12) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) rules 2002 issued a demand notice as detailed in the table hereunder written calling upon the below mentioned borrowers to repay the amount shown in the respective notices mentioned against their names in the table, within 60 days from the date of receipt of the said notice. The borrower's and/or guarantors/s having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrowers/s or guarantors/s and the public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him under sub-section (4) of section 13 of Act read with rule 8 of the Security Interest Enforcement) Rules, 2002 on this the **15th day of November** of the year **2025**. The borrower's and/or guarantors/s in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the said property will be subject to the charge of the **BANK OF INDIA, ASSET RECOVERY BRANCH** for the amount shown in the respective column of the table. The borrower's attention is invited to provisions of sub-section (8) of section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.

Sr. No.	Name of Borrower & Guarantor	I. Branch, ii. Date & Amount as per Notice u/s 13(2)	Description of the Immovable property	Date of Possession of Assets
1.	**(Borrower) Mr. Prithwi Raj Goswami** S/o Gupteshwar Goswami.	**(i) Asset Recovery Branch (ii)** Demand Notice Date: **28.07.2025, Rs. 66,34,929.10** (contractual dues up to the date of notice i.e. 28.07.2025) plus uncharged interest and other charges thereon.	**Property 1**. All that part and parcel of the property consisting of Land & building situated at Vill- Magadh Colony, Ward No-29, Khata No- 167 (N) / 40 & 102 (O), Plot No - 654 (N) /466 & 468 (O) PS-M.M. College, Moh Magadh Colony. End of Road No. 12 Thana No-180, Dist-Gaya Area- 1.32 (Decimal) 578 Sq. Ft. standing in the name of Mr. Prithvi Raj Goswami S/o Gupteshwar Goswami, Deed No - 2811, Dated -19.02.2018. **Boundaries:** North- Road, South-SharmaJi (Fauzi), East- Nij (vendor), West-Nij (vendor), **Property** 2. All that part and parcel of the property consisting of land & building situated at Mauza-Chandauti Gautam Nagar, Ward No-29, Khata No-64 (O)/157(N), Plot No- 93 (O) /466. (N), Tauji No. 4100, Thana No-180, PS- Chandauti, Dist- Gaya, Area-2193 Sq. Ft. standing in the name of Prithwi Raj Goswami, S/o Gupteshwar Goswami, Deed No -19676, Dated -30.11.2018, Boundaries: North-15' Wide Road, South- Block No G, East- Pind, West-Block No-N.	**15.11.2025**

*** With further interest at applicable rate till repayment.**

Date: 15.11.2025 **Authorized Officer**
Place: Patna **Bank of India**

Patna

Scanned with OKEN Scanner



बिहार जागे... देश आगे

प्रभात खबर

पटना | मुजफ्फरपुर | भागलपुर | रांची | जमशेदपुर | धनबाद | देवघर | कोलकाता से प्रकाशित

पटना, बुधवार
19.11.2025
मार्गशीर्ष कृष्णा 14 संवत 2082
पृष्ठ 16, मूल्य : ₹ 4
नगर संस्करण
वर्ष : 30, अंक : 194
रजिस्ट्रेशन : आर एन 66055/96

स्पोर्ट्स गिल का खेलना मुश्किल नीतीश रेड्डी टीम में... 14 | देश-विदेश 'एक्स' पर भी अब इंटीग्रेटेड नया कम्युनिकेशन हब... 13 | prabhatkhabar.com

मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान पहुंचकर लिया शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का जायजा

नीतीश कुमार आज देंगे इस्तीफा, कल 10वीं बार लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

संवाददाता, पटना

विधानसभा चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत के बाद बिहार में गुरुवार 20 नवंबर को नयी सरकार बनने जा रही है. शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक गांधी मैदान में होने जा रहा है और नीतीश कुमार 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. इससे पहले बुधवार को नीतीश कुमार अपने पद से इस्तीफा देंगे. शपथ ग्रहण के ऐतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं मौजूद रहेंगे. इस समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शिक्षा मंत्री और बिहार भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान के साथ आधा दर्जन केंद्रीय मंत्री मौजूद रहेंगे. एनडीए शासित राज्यों के सभी सीएम को भी समारोह का निमंत्रण भेजा गया है. सूत्रों के मुताबिक नीतीश कुमार के साथ दो दर्जन से अधिक मंत्रियों को शपथ दिलायी जायेगी. शपथ ग्रहण समारोह 11 बजे से शुरू होगा.

हजारों आमलोग भी इस समारोह के बनेंगे साक्षी

समारोह की तैयारियों का जायजा लेने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद गांधी मैदान पहुंचे. उन्होंने पूरी तैयारी का जायजा लिया और कुछ निर्देश दिये. इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार तथा मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित आला अधिकारी भी मौजूद थे. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर व्यवस्था को देखा.

जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण के ऐतिहासिक पल को देखने और अपने नेताओं को सुनने के लिए हजारों की संख्या में आमजन भी गांधी मैदान में जुटेंगे.



पटना के गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी का जायजा लेते नीतीश कुमार.

भाजपा ने केंद्रीय पर्यवेक्षक व सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किये

भाजपा संसदीय बोर्ड ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बिहार में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है. भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी कर यह जानकारी दी है. भाजपा विधायक दल की बैठक बुधवार को पूर्वाह्न में पार्टी मुख्यालय के अटल सभागार में बुलायी गयी है.

नयी सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे नीतीश

नीतीश बुधवार को राजभवन जाकर अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपेंगे. इसके बाद नयी सरकार के गठन को लेकर दावा भी राज्यपाल के समक्ष पेश करेंगे. इसके साथ ही बुधवार को 17वीं बिहार विधानसभा भंग हो जायेगी. देखें पेज 08 पर

शपथ ग्रहण समारोह एक बड़ा आयोजन होगा, जो चुनाव में मिली बड़ी जीत के अनुरूप होगा, ताकि अगले पीढ़ी के विकास की बड़ी चुनौती को साधा जा सके, जिसका मौका जनता ने दिया है.

-संजय झा, कार्यकारी अध्यक्ष, जदयू

शपथ ग्रहण न केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया है, बल्कि बिहार के लिए एक नए विकास पथ की शुरुआत का प्रतीक भी है.

-नितिन नवीन, पथ निर्माण मंत्री

बड़ी सफलता : सीआरपीएफ के 76 जवानों की हत्या का भी था मास्टर माइंड

देश का सबसे खतरनाक शीर्ष नक्सली कमांडर हिडमा पत्नी सहित मारा गया

एजेंसियां, मरेदुमिल्ली (आंध्र प्रदेश)

आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में मंगलवार की सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई. इसमें शीर्ष नक्सली कमांडर माडवी हिडमा, उसकी पत्नी मदकम राजे समेत छह माओवादी मारे गये. यह मुठभेड़ मरेदुमिल्ली मंडल के जंगलों में सुबह 6.30 से सात बजे के बीच हुई. हिडमा पर एक करोड़ से अधिक का इनाम था. वह ताड़मेटला (दंतेवाड़ा) के 2010 हमले का मुख्य आरोपी था, जिसमें 76 जवान शहीद हुए थे. पुलिस ने काफ़ा कि उसकी मौत उग्रवाद के ताबूत की आखिरी कील है. उसकी पहचान सुरक्षा घेरे और गुरिल्ला युद्ध कौशल के कारण वर्षों तक चुनौती बनी रही. मुठभेड़ में दो महिलाएं और चार पुरुष ढेर हुए, क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन जारी है. पिछले कुछ हफ्तों से आंध्र-छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर माओवादी गतिविधियों में तेजी को देखते हुए अभियान चलाया गया. आंध्र प्रदेश खुफिया विभाग के एडीजीपी महेश चंद्र लड्ढा ने बताया कि लगातार दबाव से कुछ माओवादी आंदोलन को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहे थे. 31 माओवादी समर्थक भी हिरासत में लिये गये हैं, इनमें नौ लोग केंद्रीय समिति सदस्य देवजी के सुरक्षा गार्ड बताये जा रहे हैं.



ये छह मारे गये

हिडमा, उसकी पत्नी मदकम राजे, देवे, लकमल (वेटु), मल्ला (मल्लालु) और कमलु (कमलेश).

31 नक्सली पकड़े भी गये

लड्ढा ने कहा कि एमटीआर, कृष्णा, काकीनाडा और एलुरु जैसे अन्य जिलों में पुलिस की निगरानी के कारण प्रतिबंधित संगठन के 31 और सदस्यों को गिरफ्तार भी किया गया है. इनमें नौ केंद्रीय समिति के सदस्य देवजी के सुरक्षा गार्ड थे, जबकि बाकी अन्य बटालियन के थे.

ये हथियार बरामद

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो एके-47 राइफल, एक पिस्तौल, एक रिवॉल्वर और एक सिंगल बोर हथियार, कई इलेक्ट्रिकल और नॉन-इलेक्ट्रिकल डेटोनेटर, एप्यूज वायर, सात किट बैग और अन्य सामान जब्त किया.

सुरक्षा बलों का नक्सली सफाया अभियान जारी

नक्सलियों के पूरी तरह से सफाये के लिए आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान जारी है, ताकि आगे माओवादी की सभी गतिविधियों को रोका जा सके.

डेडलाइन थी 30 नवंबर 12 दिन पहले ही मारा गया मोस्ट वांटेड नक्सली : खुफिया माओवादी कमांडर माडवी हिडमा को खत्म करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डेड लाइन दी थी. खास बात है कि यह डेड लाइन 30 नवंबर निर्धारित की गई थी, लेकिन सुरक्षा बलों ने 12 दिन पहले ही मोस्ट वांटेड नक्सली हिडमा को मार गिराया. केंद्रीय गृह मंत्री ने देश से माओवादी समस्या के उन्मूलन के लिए 31 मार्च, 2026 की समय सीमा तय की है. एक सुरक्षा समीक्षा बैठक में, शाह ने नक्सल विरोधी अभियानों में लगे शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को 30 नवंबर से पहले हिडमा को खत्म करने का भी निर्देश दिया था.

क्विक बाइट्स

बीपीएससी : 71वीं पीटी का रिजल्ट जारी, 14,261 पास

पटना. बीपीएससी ने एकीकृत 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट मंगलवार को जारी कर दिया है. रिजल्ट bpsc.bihar.gov.in पर देख सकते हैं. आयोग ने बताया कि प्रारंभिक परीक्षा के आधार पर 13,368 अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रशासनिक पदों के लिए और 893 अभ्यर्थियों को वित्तीय प्रशासनिक पदाधिकारी पदों के लिए सफल घोषित किया गया है. इस प्रकार कुल 14,261 अभ्यर्थियों ने प्रारंभिक परीक्षा में सफलता हासिल की है.

सुप्रीम कोर्ट का सीबीआइ कैंद्र, ईडी और अनिल अंबानी को नोटिस

नयी दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने रिलायंस कम्युनिकेशंस, इसके समूह की कंपनियों और उनके प्रवर्तक से जुड़ी कथित व्यापक बैंकिंग और कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की अदालत की निगरानी में जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर मंगलवार को केंद्र, सीबीआइ, ईडी, अनिल अंबानी और अन्य को नोटिस जारी किये. सीजेआइ गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले और पूर्व केंद्रीय सचिव इएएस शर्मा की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा.

सर्राफा बाजार

सोना (शुद्ध)	₹125,350	▲1000
सोना (आभू)	₹125,250	▲1000
चांदी	₹1,56,500	▲500

हाजीपुर में रेलवे कंस्ट्रक्शन विभाग के दफ्तर में सीबीआइ का छापा, एक करोड़ रुपये बरामद

- कंस्ट्रक्शन विभाग के चीफ इंजीनियर सहित पांच लोगों को साथ ले गयी सीबीआइ की टीम

प्रतिनिधि, हाजीपुर

हाजीपुर में रेलवे के कंस्ट्रक्शन विभाग के कार्यालय में मंगलवार को सीबीआइ ने छापेमारी कर एक करोड़ रुपये बरामद किये है. छापेमारी सोमवार शाम से शुरू हुई थी, जो मंगलवार सुबह तक चली. इस कार्रवाई के बाद सीबीआइ की टीम कंस्ट्रक्शन विभाग के डिप्टी चीफ इंजीनियर आलोक कुमार, हेड क्लर्क आलोक कुमार दास, कर्मी मनीक दास एवं संवेदक के दो कर्मियों को अपने साथ ले गयी. जानकारी के अनुसार हाजीपुर रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित रेलवे के कंस्ट्रक्शन विभाग के कार्यालय में सीबीआइ की टीम सोमवार की शाम करीब तीन बजे पहुंची. छापेमारी में डिप्टी चीफ इंजीनियर के कार्यालय से करीब एक करोड़ रुपये बरामद किये गये. इसके बाद कार्यालय में मौजूद डिप्टी चीफ इंजीनियर समेत अन्य कर्मियों से पूछताछ हुई. सीबीआइ ने रुपये गिनने की मशीन भी मंगायी. 12 घंटे तक कर्मियों से पूछताछ और रुपये की गिनती के बाद सीबीआइ की टीम पांचों कर्मियों को अपने साथ ले गयी. कार्यालय के कर्मियों ने बताया कि डिप्टी चीफ इंजीनियर दो साल पहले वहां आये थे. रेड के दौरान अन्य कर्मियों के भी मोबाइल और बैग टीम ने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की. कार्रवाई पूरी होने के बाद करीब 12 बजे रात में सभी कर्मियों को ऑफिस से घर जाने दिया गया. वहीं, इस संबंध में पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने कुछ जानकारी होने से इंकार किया.

बालू माफिया ने दो जवानों को गाड़ी से रौंदा, एक की मौत

- बिहटा-पालीगंज एसएच पर खनन विभाग की टीम पर हमला, सात नामजद व छह अज्ञात पर केस

संवाददाता, पटना/दुल्हिनबाजार

दुल्हिनबाजार थाने के बिहटा-पालीगंज एसएच-02 मुख्य मार्ग पर सोमवार देर रात करीब एक बजे बालू माफियाओं ने खनन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया. माफियाओं ने रौंप जवानों दुखहरण पासवान व लक्ष्मण सिंह को स्कॉर्पियो से रौंद दिया. इसमें मुजफ्फरपुर के जैतपुर थाने के सिरकौहिया के दुखहरण पासवान की मौत हो गयी और सासाराम के अगरेर के जलखौरिया के लक्ष्मण गंभीर रूप से जख्मी हैं. उनको पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने घटनास्थल से स्कॉर्पियो के साथ एक ट्रैक्टर को जब्त किया है. इस मामले में बालू माफिया विनोद यादव, उसके भाई सहित सात नामजद और आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ में दुल्हिनबाजार थाने में केस दर्ज किया गया है. विनोद दुल्हिनबाजार के घाना गांव का है. स्कॉर्पियो विनोद के भाई हेमनाथ यादव के नाम पर है. पुलिस ने हेमनाथ और रानीतालाब के जीतन छपरा के सुधीर कुमार को गिरफ्तार किया है. दो को हिरासत में भी लिया है. सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों कि गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रही है. जानकारी के अनुसार, खनन विभाग की टीम रानीतालाब के सोन नदी तटवर्ती क्षेत्र अमवा इनार और सरैया चौक के पास अवैध बालू खनन और परिवहन की सूचना पर छापेमारी करने गयी थी. इस दौरान टीम ने बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया. उसका चालक भाग गया. दुखहरण पासवान व लक्ष्मण जख्म ट्रैक्टर दुल्हिनबाजार थाना पर ले जाने लगे, तो थाना से 300 मीटर पहले बालू माफिया दल-बल के साथ स्कॉर्पियो से पहुंच गये. वहां स्कॉर्पियो से पांच-छह लोग निकले और लाठी-डंडे से हमला कर दिया. इस दौरान ट्रैक्टर पलट गया. और बदमाश दोनों को कुचल कर भाग गये. किसी ने पुलिस को सूचित किया. पुलिस पहुंची और अस्पताल में भर्ती कराया. लेकिन, दुखहरण की मौत हो गयी. देखें पेज 06 भी



दुखहरण पासवान का फाइल फोटो.

उच्चस्तरीय जांच के लिए मेजी गयी टीम : खान एवं भूतत्व विभाग ने कहा है कि अवैध खनन में संलिप्त हर व्यक्ति, समूह या गिरोह पर कठोर कार्रवाई की जायेगी. विभाग की ओर एक उच्च स्तरीय टीम को घटनास्थल भेजा गया है. प्रशासन जांच कर रहा है.

सृजन घोटाला : आया पहला फैसला, तीन को मिली सजा

संवाददाता, पटना

बिहार के बहुचर्चित सृजन घोटाला के एक मामले में मंगलवार को पटना की एक विशेष अदालत में पहला फैसला हुआ. इसमें एक बैंक प्रबंधक समेत तीन लोगों को चार वर्षों तक के सश्रम कारावास की सजा के साथ 14 लाख रुपए तक का जुर्माना भी लगाया है. सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार ने फैसला सुनाते हुए भागलपुर स्थित एक राष्ट्रीयकृत बैंक के पूर्व सहायक प्रबंधक राकेश कुमार और लिपिक अजय कुमार पांडे तथा भागलपुर समाहरणालय के तत्कालीन प्रधान नाजिर अमरेंद्र कुमार यादव को विभिन्न धाराओं में दोषी करार दिया. मामला भागलपुर में महिला सशक्तिकरण एवं सुदृढ़ीकरण की विभिन्न सरकारी योजनाओं की करोड़ों रुपयों की राशि एक अपराधिक षड्यंत्र तथा सरकारी कर्मचारी की मिलीभगत से सृजन नामक संस्था के माध्यम से धोखाधड़ी एवं जालसाजी पूर्वक गबन करने का है. मामले की प्राथमिकी सीबीआइ ने 2017 में दर्ज की थी.

किसको कितनी सजा

1. दोषी प्रधान नाजिर को चार वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ 14 लाख का जुर्माना. जुर्माना नहीं देने पर दो वर्ष के कारावास की सजा अलग से.
2. दोषी सहायक बैंक प्रबंधक को तीन वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ 475000 का जुर्माना. जुर्माना नहीं देने पर 1.4 वर्ष की सजा अलग से
3. बैंक लिपिक को तीन वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ 625000 रुपए का जुर्माना. जुर्माना नहीं देने पर दो वर्ष चार महीने की सजा अलग से.

19,838 सिपाही भर्ती के लिए 15 दिसंबर से शारीरिक परीक्षा

संवाददाता, पटना

बिहार पुलिस में 19,838 सिपाही पदों पर बहाली के लिए लिखित परीक्षा पास अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीइटी) 15 दिसंबर से शहीद राजेंद्र प्रसाद सिंह राजकीय उच्च विद्यालय (पटना हाइस्कूल) गर्दनीबाग पटना में होगी. केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के अध्यक्ष डीजी जितेंद्र कुमार से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा का पूरा ब्योरा और स्थान 25 नवंबर से पर्षद की वेबसाइट के बिहार पुलिस वाले सेक्शन में होगा. प्रवेश-पत्र भी वेबसाइट से ही से डाउनलोड करना होगा. इसे डाक से नहीं भेजा जायेगा. डाउनलोड में परेशानी होने पर 12 और 13 दिसंबर को हार्डिंग रोड स्थित पर्षद कार्यालय जाकर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवेश-पत्र की छपी प्रति ले सकते हैं.

10 दिसंबर को होगी चालक सिपाही के लिए लिखित परीक्षा

पटना. बिहार पुलिस में चालक सिपाही के 4361 पदों पर बहाली के लिए 10 दिसंबर को लिखित परीक्षा एक पाली में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी. 15 जिलों में आयोजित इस परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र पर सुबह साढ़े 9 बजे उपस्थित होने के लिए कहा गया है. केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है. 25 नवंबर से पर्षद की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन नंबर या आवेदन के साथ रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर तथा जन्म तिथि जारी कर परीक्षा केंद्र के जिला की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. इ-प्रवेश पत्र वेबसाइट से 3 से 10 दिसंबर के बीच डाउनलोड किया जा सकता है.



कोर्ट ने रेलवे को तीन माह में आठ लाख रुपये 9% ब्याज की दर से मुआवजा देने का दिया आदेश

गलत ट्रेन से भी उतरते समय हादसे पर देना होगा मुआवजा

विधि संवाददाता, पटना

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा है कि कोई यात्री गलत ट्रेन में सवार जाता है और उस ट्रेन से उतरने के दौरान घायल हो जाता है और उसके बाद उसकी मौत हो जाती है, तो भी उसे सरकार को मुआवजा देना होगा. न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की खंडपीठ ने श्रीकुमार एवं अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया. कोर्ट ने रेलवे को तीन माह के भीतर बतौर मुआवजा आठ लाख रुपये नौ प्रतिशत ब्याज की दर से मृतक के माता-पिता को भुगतान करने का आदेश दिया.

गलत ट्रेन में यात्रा के बावजूद माना जायेगा वास्तविक यात्री



गौरतलब है कि 23 वर्षीय श्रवण कुमार गुप्ता उर्फ बेतालु गुप्ता 29 मई 2013 को संतना से मैहर जाने के लिए एक टिकट खरीदा और गोदान एक्सप्रेस में सतना में मैहर जाने के लिए चढ़ा. लेकिन, इस ट्रेन का मैहर स्टेशन पर कोई ठहराव नहीं था और वह चलती ट्रेन से मैहर स्टेशन पर उतर गया. रेल दुर्घटना में उसे चोट लगी और बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी. मौत के बाद मृतक के पिता- माता ने रेलवे दावा न्यायाधिकरण में धारा 16 जी के तहत अपनी दावा याचिका दायर करके मुआवजे की मांग की. रेलवे ने इस मामले में अपना विस्तृत जवाब दाखिल कर कहा कि मृतक की मृत्यु स्वयं की लापरवाही से हुई है. रेलवे ने कानून की धारा 124 ए खंड (ए) और (बी) के प्रावधानों का हवाला देकर दावा याचिका का विरोध किया. लेकिन, रेलवे दावा न्यायाधिकरण ने माना कि मृतक सतना से मैहर जाने के लिए एक टिकट खरीदा था और वह गलत ट्रेन में यात्रा कर रहा था. इसके बावजूद वह एक वास्तविक यात्री माना जायेगा. रेलवे की दलील थी कि मृतक मैहर में ट्रेन से कूद गया, क्योंकि उसने सतना से मैहर जाने के लिए टिकट खरीदा था और ट्रेन गोदान एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर कोई ठहराव नहीं था. मैहर स्टेशन पर उतरने के लिए वह चलती ट्रेन से कूद गया. दावा न्यायाधिकरण ने कहा कि ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की जा सकती कि कोई भी समझदार व्यक्ति चलती ट्रेन, खासकर एक्सप्रेस ट्रेन से उतरने का प्रयास कर सकता है. कोर्ट ने रेलवे के हर दलील को नामंजूर करते हुए तीन माह के भीतर मुआवजा राशि सूद सहित मृतक के माता पिता को देने का आदेश दिया.

Scanned with OKEN Scanner

बिहार बोर्ड. इंटर की 26 तक संस्थान स्तर पर होगी परीक्षा

इंटर और मैट्रिक सेंटअप परीक्षा आज से, 29 लाख होंगे शामिल

इंटर की प्रायोगिक परीक्षाएं 27 से 29 नवंबर तक होंगी

संवाददाता, पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से इंटर और मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स के लिए सेंटअप परीक्षा बुधवार से शुरू हो रही है. इंटर की सैद्धांतिक विषयों की सेंटअप परीक्षा 19 नवंबर से शुरू होगी और 26 नवंबर तक चलेगी. वहीं, प्रायोगिक परीक्षाएं 27 से 29 नवंबर तक आयोजित होंगी. वहीं, मैट्रिक की सेंटअप परीक्षा 19 नवंबर से शुरू होकर 22 नवंबर तक चलेगी. मैट्रिक की प्रायोगिक परीक्षा 24 नवंबर को होगी. इंटर व मैट्रिक सेंटअप परीक्षा मिलाकर करीब 29 लाख परीक्षार्थी राज्यभर से शामिल होंगे.



▫ मैट्रिक सेंटअप परीक्षा 22 नवंबर तक प्रायोगिक परीक्षा 24 को होगी

परीक्षा दो पालियों में, सफल छात्रों को एडमिट कार्ड

परीक्षा दो पालियों में होगी. शुरुआत के 15 मिनट अतिरिक्त समय प्रश्नपत्र पढ़ने और समझने के लिए दिये जायेंगे. बोर्ड ने कहा है कि मैट्रिक और इंटर कक्षाओं की सेंटअप परीक्षा के लिए दृष्टिबाधित- दिव्यांग परीक्षार्थियों को लेखक रखने की अनुमति दी जायेगी. इंटर सेंटअप का रिजल्ट संस्थानों के प्रधान को पांच दिसंबर तक डीइओ कार्यालय में जमा करना होगा. मैट्रिक सेंटअप परीक्षा का रिजल्ट दो दिसबर की अवधि में जमा करना होगा. संस्थान में जिन विद्यार्थियों की 75% उपस्थिति होगी, वही इस परीक्षा में शामिल होंगे. बोर्ड ने कहा है कि 2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए सूचीकृत नियमित, स्वतंत्र व क्वालिफाइंग कोटि के स्टूडेंट्स के लिए यह परीक्षा संस्थान स्तर पर होगी. पूर्ववर्ती, कंपार्टमेंटल या सुधार कोटि के विद्यार्थियों को सेंटअप परीक्षा में नहीं शामिल होना है. परीक्षा में उत्तीर्ण होना जरूरी है. परीक्षा में शामिल नहीं होने या फेल होने पर 2026 की परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे.

बिहार बोर्ड की जेइइ-नीट आवासीय कोचिंग के लिए आवेदन कल से

संवाददाता, पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (जेइइ-मेन) 2028 की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए बीएसइबी सुपर-50 के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी कर दी गयी है. निःशुल्क आवासीय कोचिंग में नामांकन को आवेदन प्रक्रिया 20 नवंबर से शुरू हो जायेगी. इच्छुक स्टूडेंट्स वेबसाइट https://coaching.biharboardonline.com/index पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर है. आवेदन शुल्क 100 रुपये हैं. जेइइ मेन व नीट यूजी की तैयारी के लिए 50 छात्र-छात्राओं का बैच होगा. सलेक्ट होने वाले विद्यार्थियों को तैयारी के लिए निःशुल्क व्यवस्था करायी जायेगी. निःशुल्क आवासीय कोचिंग में कोटा, हैदराबाद, दिल्ली, कोलकाता के बड़े कोचिंग संस्थानों में पूर्व में पढ़ाने वाले देश के अनुभवी शिक्षकों को मार्गदर्शन बच्चों को मिलेगा.

10वीं बोर्ड परीक्षा देने वाले शामिल हो सकते हैं : समिति ने कहा है कि बिहार बोर्ड से संबद्ध प्लस टू विद्यालयों में नामांकन लेने के इच्छुक स्टूडेंट्स आवेदन कर सकते हैं. साथ ही जो स्टूडेंट्स इस बार 10वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं वो इस प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं. बोर्ड ने कहा है कि बिहार बोर्ड, सीबीएसइ और आइसीएसइ की 2026 की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले वैसे स्टूडेंट्स जो 11वीं कक्षा में बिहार बोर्ड से संबद्ध प्लस टू विद्यालयों में नामांकन लेने के इच्छुक हैं, वे इसमें पढ़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं.

एनआइओएस : 10वीं 12वीं की परीक्षा 29 नवंबर से 2 दिसंबर

पटना. राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआइओएस) ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है. यह बदलाव बिहार विधानसभा चुनाव के चलते स्थगित की गयी परीक्षाओं के लिए किया गया था. पहले परीक्षा छह, 10 व 11 नवंबर को होनी थीं, लेकिन अब 29 नवंबर, एक दिसंबर और दो दिसंबर को पुनर्निर्धारित किया गया है. एनआइओएस ने स्पष्ट किया है कि प्रभावित परीक्षाएं केवल बिहार क्षेत्र के छात्रों के लिए पुनर्निर्धारित की गयी हैं. परीक्षाएं दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक दो शिफ्टों में होंगी, जबकि कुछ विषयों की अवधि दो घंटे निर्धारित की गयी है.

सीबीएसइ : एक जनवरी से शुरू होगी प्रैक्टिकल परीक्षा

संवाददाता, पटना

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षा, प्रोजेक्ट और इंटरनल असेसमेंट को लेकर नया सर्कुलर जारी किया है. बोर्ड के अनुसार प्रैक्टिकल परीक्षाएं एक जनवरी से आयोजित कराने का निर्देश दिया है. वहीं इंटरनल एसेसमेंट 14 फरवरी तक पूरा किया जाना है. सीबीएसइ ने बताया कि बोर्ड ने सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे सर्कुलर को ध्यान से पढ़ें और किसी भी प्रकार की गलती न करें. बोर्ड ने कहा कि हर विषय 100 अंकों का होगा, जिसमें थ्योरी, प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट और इंटरनल असेसमेंट के अंक सर्कुलर के अनुसार विभाजित होंगे. बोर्ड ने सभी स्कूलों से उम्मीद जतायी है कि वे समय पर और सही तरीके से प्रैक्टिकल व इंटरनल असेसमेंट पूरा करेंगे. बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं के सभी विषयों की एक सूची भी जारी की है जिसमें क्लास, सब्जेक्ट कोड, सब्जेक्ट का नाम, थ्योरी के अधिकतम अंक, प्रैक्टिकल के अधिकतम अंक, प्रोजेक्ट के अधिकतम अंक, इंटरनल असेसमेंट के अधिकतम अंक, क्या प्रैक्टिकल के लिए बाहरी परीक्षक होंगे, क्या प्रैक्टिकल आंसर-बुक बोर्ड देगा और थ्योरी परीक्षा में उपयोग होने वाली आंसर-बुक के प्रकार की जानकारी भी दी गयी है.

सिटी बाइट्स

शैलेश प्रसाद इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



पटना. बिशप स्कॉट ब्वॉयज स्कूल की ओर से स्वर्गीय शैलेष प्रसाद सिंह इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का आयोजन बिशप स्कॉट ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संस्थापक, दूरदर्शी निदेशक स्वर्गीय शैलेष प्रसाद सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर उनकी रचनात्मक सोच को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए किया जाता है. प्रतियोगिता में विद्यालय प्रबंधन समूह के अभिषेक कुमार सिंह, अच्युत सिंह, नूतन सिंह, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ सतीश कुमार व नीरा सिंह की उपस्थिति छात्रों के लिए उत्साहवर्धक रही और समस्त बिशप स्कॉट ब्वॉयज स्कूल की सक्रिय भागीदारी रही.

बिशप स्कॉट गर्ल्स स्कूल के संस्थापक की जयंती



पटना. बिशप स्कॉट गर्ल्स स्कूल ने अपने संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय शैलेश प्रसाद सिंह की 56वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया. स्कूल के गायक मंडल ने पिता गीत का गायन प्रस्तुत किया, जिसमें पूरा स्कूल एक सुर में गीत की प्रस्तुति दी. संस्थापक अध्यक्ष के प्रकृति के प्रति लगाव के सम्मान में पौधारोपण समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत एक सुंदर योग नाट्यम नृत्य के साथ की गयी. जिसके बाद प्रकाश नृत्य विषय पर विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गयी. प्रधानाचार्या साओली दत्ता ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के समर्पित प्रयासों की सराहना की और उन सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया.

सीमैट 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 24 तक

पटना. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (सीमैट)-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है. अब स्टूडेंट्स 24 नवंबर रात 11:50 बजे तक आवेदन कर सकते हैं. इससे पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 नवंबर रात 11:50 बजे तक थी, जिसे बढ़ाकर 24 नवंबर कर दिया गया है. आवेदन में सुधार 24 से 28 नवंबर तक कर सकते हैं. एनटीए ने उम्मीदवारों को सलाह दी कि जिन उम्मीदवारों का आवेदन अभी अधूरा है, वे जल्द-से-जल्द ऑनलाइन फॉर्म भरकर फीस जमा कर सकते हैं. एनटीए ने साफ किया है कि फीस जमा करने के बाद ही आवेदन पूरा माना जायेगा.

विशिष्ट शिक्षकों का वेतनमान बढ़ा, प्रपत्र जमा करने का निर्देश

पटना. जिले के सरकारी विद्यालयों में नियोजित से विशिष्ट शिक्षक बनने वाले शिक्षकों के वेतन वृद्धि और संरक्षण का प्रावधान लागू कर दिया गया है. वेतन संरक्षण के आधार पर विशिष्ट शिक्षकों को वेतन भुगतान किया जायेगा. इसके लिए विशिष्ट शिक्षकों का नये वेतन निर्धारण के लिए डीइओ ने पत्र जारी किया है. सभी प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षकों को शिक्षक की सेवा पुस्तिका और संबंधित प्रपत्र जिला शिक्षा कार्यालय में जाम करने का निर्देश दिया है. वेतन वृद्धि का लाभ पहली से लेकर आठवीं तक के शिक्षकों को मिलेगा. जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सभी विशिष्ट शिक्षक व प्रधानाध्यापक वेतन निर्धारण प्रपत्र में सभी विवरणी सही भरें और मूल सेवा पुस्तिका के साथ वेतन निर्धारण प्रपत्र प्रधानाध्यापक कार्यालय में जाम करें.

FORM NO.32 Patna
[See Regulation 14 of DRT Regulation 2024]
[See Rule 23 (viii) of the DRT (Procedure) Rules, 1993]
BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, PATNA
A, B and F Wing, 2nd floor, Karpuri Thakur Sadan,
Near Rajiv Nagar Thana, Ashiana Digha Road, Patna-800025
O.A. No. 641 OF 2024

Bank of Baroda, Bihta Branch ....Applicant
V/s
Manish Kumar and others ....Defendants

To,
1. Manish Kumar, S/o Sri Yogesh Lal Rajak, Resident at-Flat No.-101, Shyam Damyanti Enclave, P.O.+P.S.-Digha, Dist.-Patna, Pin-800012 and
Resident at-Golghar Chauraha, Near Kuldeep Vastralaya, P.O-G.P.O., P.S.-Gandhi Maidan, Patna-800001 Borrower.
2. Sanjay Kumar, Director of Arya Buildcon Pvt. Ltd., At-Flat No.101, Shyam Damyanti Enclave, P.O.+P.S.-Digha, Dist.-Patna, Pin-800012

SUMMONS

1. WHEREAS **OA-641/2024** was listed before Hon'ble Presiding Officer/ Registrar on 11/12/2024.
2. WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said Application under section 19(4) of the Act. (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs. 5551128.86 (Rupees Fifty Five Lakh Fifty One Thousand One Hundred Twenty Eight and Eighty Six Paise only)**
3. WHEREAS the service of summons/Notice could not be effected in the ordinary manner and whereas the Application for substitute service has been allowed by this Tribunal.
4. In accordance with sub-Section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:-
i. To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
ii. To disclose particulars of properties or asets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
iii. You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
iv. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
v. You shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
5. You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on **19.12.2025 at 10:30 AM**. failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and the seal of this Tribunal on this 16.10.2025.

REGISTRAR
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL PATNA

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
अंचल कार्यालय, पटना, प्रथम तल, बुद्ध मार्ग, पटना-800001
परिशिष्ट-IV नियम-8(1)
कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

जैसाकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 के अंतर्गत **इंडियन बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम-2002 धारा-13(12) नियम-8 एवं 9 के साथ पाठ्य, के तहत प्रदत अधिकारों का प्रयोग करते हुए खाता के सामने अंकित तिथि को 13(2) के तहत मांग सूचना जारी किया गया था और उधारकर्ता को नोटिस में उल्लिखित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर चुकाने के लिए कहा गया था।
उधारकर्ता/बंधककर्ता द्वारा उक्त राशि का भुगतान न करने पर उधारकर्ता/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जा रहा है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम के धारा-13(4), प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम-8 एवं 9 के साथ पाठ्य, के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे खाता के समक्ष अंकित तिथि को निम्नलिखित सम्पत्ति को कब्जा में ले लिया है।
उधारकर्ता/बंधककर्ता को विशेष और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से आगाह किया जाता है किवे संबंधित परिसंपत्ति की खरीद-फरोख्त न करें तथा इन परिसंपत्ति के किसी भी क्रय-विक्रय के लिए यहाँ नीचे वर्णित खाता के समक्ष अंकित रकम एवं उस पर प्रभार्य ब्याज, लागत, अन्य शुल्क के लिए इंडियन बैंक के बकाया प्रभार के अधीन होंगे।
हम सरफेसी अधिनियक की धारा 13(8) के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं जो प्रतिभूतियों पर आपके मोचन के अधिकारों से संबंधित है।

क्रं. सं.	खाता का नाम / शाखा का नाम	कर्जदार/जमानतदार का नाम एवं पता (सम्पत्ति के मालिक)	मांग सूचना कि तिथि / कब्जा सूचना कि तिथि	माँग सूचना के अनुसार बकाया राशि
1.	श्री मुकेश कुमार / शाखा: एल.एन.एम. आई शाखा, पटना	श्री मुकेश कुमार पिता-सरयुग साव (उधारकर्ता एवं बंधककर्ता)	19.08.2025 / 15.11.2025	₹39,82,126.59/- (रुपये उनतालीस लाख बेरासी हजार एक सौ छब्बीस एवं पैसे उनसठ मात्र) साथ में भविष्य का ब्याज एवं अन्य आकस्मिक शुल्क।

अचल सम्पत्ति का ब्योरा: बंधक सम्पत्ति: बंधक के अधीन प्रत्येक सम्पत्ति का विस्तृत विवरण। जमीन एवं भवन का सभी भाग एवं अंश जो मोहल्ला/मौजा-सिमली मुरारपुर, थाना मालसलामी, जिला-पटना, थाना नं.-38, खाता नं.-589, सीएस प्लॉट नं.-727, तौजी नं.-बिहार सरकार, जमीन का रकवा-11 धुर 11 धुरकी (748.55 वर्गफीट) रजिस्टर्ड डीड नं.-1753 तिथि 13/04/2007 के द्वारा आपको रजिस्टर्ड हुआ जो श्री मुकेश कुमार पिता-श्री सरयुग साव के नाम से है। सेल डीड के अनुसार चौहद्दी: उत्तर-10 फीट आम रास्ता, दक्षिण-श्री रामानन्दन प्रसाद, पूरब-श्री बिनोद प्रसाद, पश्चिम-श्रीमती उर्मिला देवी।

दिनांक: 15.11.2025
स्थान : पटना
नोट:- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
मांग सूचना

(वित्तीय आस्तियों एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन एवं प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण अधिनियम 2002 (अधिनियम सं.–2 सन् 2002) की धारा 13 (3) एवं 13 (8) के साथ पठित धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना)

निम्न वर्णित ऋणी / जमानतदार को मांग सूचना जारी की गई थी कि उन्होंने ऋण का लाभ उठाया है एवं उनका ऋण खाता अनर्जक संपत्ति के रूप में वर्गीकृत हो गया है जिसको चुकाने के लिए बैंक द्वारा आपको 60 दिनों का समय दिया जा रहा है। सूचना भेजा गया लेकिन स्वीकृति अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। यदि ऋणी / जमानतदार ने 60 दिनों के दिए गए समय के भीतर बकाया का भुगतान करने में विफल रहे तो हमने निम्न वर्णित सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के लिए हमारे इरादे का संकेत दिया है। ऋणी / जमानतदार को यह सूचित किया जाता है कि सरफेसी अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई से बचने के लिए इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर निम्न वर्णित बकाया राशि का भुगतान कर दें। आपको यह सलाह दी जाती है कि आप विस्तृत सूचना हमारे कार्यालय से ले सकते है।

क्र. सं.	शाखा का नाम / ऋणी / जमानतदार का नाम एवं पता	ऋण सं. / ऋण की प्रकृति / स्वीकृत राशि (लाख में)	संपत्ति का विवरण	एनपीए की तारीख / मांग सूचना की तारीख	कुल बकाया राशि
1.	पटना राजा बाजार शाखा मैं. सम्पुष्टि एग्रो फूड प्राइवेट लिमिटेड, पंजीकृत पता: द्वारा अर्जुन सिंह, ग्राम– अमहारा, ब्लॉक – बिहटा, पटना, बिहार – 801103, शाखा कार्यालय / फैक्टरी का पता: अमहारा मेन रोड, बिहटा जिला, पटना, बिहार –801103, **निदेशक / बंधककर्ता– श्री कुंदन कुमार** पिता – अर्जुन सिंह, अमहारा, बिहटा, पटना, बिहार – 801103, **श्री अर्जुन सिंह**, पिता– अवधेश सिंह, अमहारा, बिहटा, पटना, बिहार – 801103, **जमानतदार / बंधककर्ता– श्रीमती गायत्री देवी**, पति– अर्जुन सिंह, अमहारा, बिहटा, पटना, बिहार – 801103	182000087178 AGRI TERM LOAN रू. 1,05,81,000/- 125001881391 OCC-AGRO PRODUCTS रू. 2,00,00,000/-	**चल संपत्ति:– क)** कारखाना, मशीनरी, सहायक उपकरण, फिटिंग, फिक्सचर, फर्निशिंग, फर्नीचर, यंत्र, उपकरण, औजार, घरेलु उपकरण, गजेट, गियर, सामग्रीयां, संरचनाएं, उपकरणें, वस्तुएं, औजार सामान, स्टॉक, माल, वाहन वहां पर उससे संबंधित सामान आदि के सभी भाग एवं खण्ड, **ख)** सभी स्टॉक, व्यापार एवं प्राप्य प्रस्तुत स्टॉक विवरण के अनुसार, संपत्ति मैं. सम्पुष्टि एग्रो फूड प्राइवेट लिमिटेड के नाम में. **ग)** सभी पुस्तक ऋण मैं. सम्पुष्टि एग्रो फूड प्राइवेट लिमिटेड के नाम में. संपत्ति के मालिक का नाम मैं. सम्पुष्टि एग्रो फूड प्राइवेट लिमिटेड CERSAI Id: 400060452882, 400060452878, **अचल संपत्ति 1** :– जमीन एवं मकान के सभी भाग एवं खंड जो उससे संबद्ध है,	17.11.2025 18.11.2025	रू. 2,63,57,929.35 दिनांक 31.10.2025

मौजा – अमहारा, सर्वे थाना – बिहटा, परगना – मनेर, थाना संख्या 44, खाता संख्या 403, खेसरा संख्या 2236, जमाबंदी संख्या 667 / 2, अंचल – बिहटा, सह–निबंधन कार्यालय – दानापुर, जिला – पटना में अवस्थित, **जमीन का कुल रकवा – 75 डिसमिल, चौहद्दी – उत्तर** – राम उचित सिंह उर्फ मिलन सिंह, **दक्षिण**– राम ईश्वर साव प्लॉट सं. 2234 एवं 2235 का भाग, **पूरब** – सूर्यदेव तिवारी, **पश्चिम** – मुख्य सड़क, सरल बंधक डीड संख्या 11294 दिनांक 29.07.2021 के अनुसार, संपत्ति के मालिक का नाम **1) श्री कुन्दन कुमार** पिता – अर्जुन सिंह, **2) श्री अर्जुन सिंह** पिता – अवधेश सिंह, **3) श्रीमती गायत्री देवी** पति – अर्जुन सिंह, CERSAI Id: 400055316638

हमारे पक्ष में उपयुक्त दस्तावेज कार्यान्वित करने के कारण, यहाँ पर अनुसूची में और विशेष रूप से वर्णित उपरोक्त ऋण/ उधार सुविधा सामान्यतः जायदाद के बंधक के रूप में सुरक्षित है। चुंकि आपने बैंक के बकाया राशि जैसा कि नियम एवं शर्तों के अनुसार निर्देशित था, नहीं चुकता कर पाने पर आपके खाते को अनर्जक परिसम्पत्ति के रूप में उपरोक्त वर्णित दिनांक को वर्गीकृत कर दिया गया। अतः हमलोग धारा 13 (2) विषय के कानून के तहत यह सूचना जारी कर रहें हैं कि आपकी उपरोक्त वर्णित पूरी देयता पूरा एवं न्युनतम ब्याज, अन्य खर्चे के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के अन्दर जमा करें। चूक हो जाने पर हमलोग धारा 13 (4) के तहत प्रदत सभी या कोई भी अधिकार का प्रयोग आपके विरुद्ध करेंगे। बिना हमारे पूर्व अनुमति के अनुसूची में वर्णित कोई भी प्रकार से सुरक्षित सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन–देन नहीं कर सकते हैं। यह सूचना कानून के अन्तर्गत उपलब्ध अधिकारों विषय कानून एवं /या कोई अन्य कानून जो प्रचलन में है के तहत बिना किसी पूर्वाग्रह के जारी किया गया है। सुरक्षित परिसम्पत्ति को छुड़वाने के लिए सरफेसी कानून की धारा 13 के उपधारा (8) के अन्तर्गत आपका ध्यान आमंत्रित है। आपके अन्तिम ज्ञात पते पर बैंक के द्वारा मांग सूचना पावती निबंधित डाक से भेजा गया था।

वाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। प्राधिकृत अधिकारी (केनरा बैंक)

केनरा बैंक Canara Bank
बिक्रमगंज शाखा
सिंडिकेट Syndicate

कब्जा सूचना [धारा 13 (4)] (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी **केनरा बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पूनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रर्वतन अधिनियम 2002 (नियम 2002 के 54) (एतद्पश्चात अधिनियम के रूप में संदर्भित) एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋणी **श्री रमेश कुमार सिंह** एवं **श्री लक्ष्मण सिंह**, को बकाया राशि के प्रतिदाय के लिए **दिनांक– 06.08.2025** को एक मांग सूचना जारी किया था जिसमें उल्लिखित रकम **रु. 10,36,301.99 (रु. दस लाख छत्तीस हजार तीन सौ एक एवं निन्यानवे पैसे मात्र)** दि. 05.08.2025 तक, साथ ही उसके आगे का ब्याज एवं अन्य खर्च अलग से, को 60 दिनों के भीतर प्रतिदाय करने को कहा गया था।
ऋणी द्वारा रकम की अदायगी न करने के कारण ऋणी एवं जनसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक **15 नवंबर 2025** को ले लिया है।
ऋणी एवं जनसाधारण को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि वे संबंधित परिसम्पत्ति की खरीद–फरोख्त न करें तथा इस परिसम्पति के किसी भी क्रय–विक्रय अंकित रकम **रू. 10,85,861.29 (रु. दस लाख पच्चासी हजार आठ सौ इकसठ एवं उनतीस पैसे मात्र (खाता संख्या 4191619000025 में)** दि. 14.11.2025 तक, साथ ही उसके आगे का ब्याज एवं अन्य खर्च अलग से, **केनरा बैंक**, के प्रभार के अधीन होगा।
ऋणी का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को मुक्त कराने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 (8) के अन्तर्गत आमंत्रित हैं।

अचल संपति का विवरण

संपत्ति आवासीय संपत्ति है जो मौजा – तेंदुनी, थाना सं.– 500, अंचल / सह–निबंधन कार्यालय – बिक्रमगंज, सर्वे खाता सं.– 716, सर्वे प्लॉट सं.– 2645, जिला– रोहतास, बिहार में अवस्थित है, रकवा– 3.125 डिसमील, **चौहद्दी – उत्तर** – सुनीता देवी पति – शिव जी, **दक्षिण** – कंचन देवी, **पूरब** – 8 फीट चौड़ा रास्ता, **पश्चिम** – आलमगीर खान, संपत्ति के मालिक का नाम – **श्री रमेश कुमार सिंह**, पिता – कामता प्रसाद सिंह एवं **श्री लक्ष्मण सिंह**, पिता – कामता प्रसाद सिंह, Cersai Asset ID :- 200016325862, Cersai Security Interest ID:- 400016362534

वाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। प्राधिकृत अधिकारी (केनरा बैंक)

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

सीओः एसएएम, मंडल कार्यालय–पटना, ई–मेलः coptnsamd@pnb.bank.in
दूसरा तल्ला, चाणक्या टावर, आर–ब्लॉक, पटना–800001

कब्जा सूचना

उधारकर्ताओं के मामले में अचल सम्पत्ति के लिए कब्जा सूचना (चल/अचल सम्पत्ति के लिए)

सिक्युरिटाइजेशन एंड रिकन्सट्रक्शन आफ फाइनेंसियल एसेट एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इन्टरेस्ट एक्ट 2002 के अंतर्गत एतदद्वारा नोटिस(सों) दी जाती है एवं सिक्युरिटी इन्टरेस्ट(इनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पठित धारा 13 रूल्स 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में प्राधिकृत अधिकारी, **पंजाब नैशनल बैंक** ने एतदपश्चात खाता के सापेक्ष अंकित तिथि को उक्त नोटिस(सों) की प्राप्ति की तिथि के 60 दिनों के भीतर नोटिस(सों) में निहित रकम की अदायगी हेतु एक डिमांड नोटिस जारी किया था।
ऋणी द्वारा रकम की अदायगी न करने के कारण, निम्नलिखित ऋणकर्ता / ओं एवं जनसाधारण को एतदद्वारा नोटिस(सों) दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने खाता के समक्ष अंकित तिथि को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधोलिखित संपत्ति का सांकेतिक / भौतिक कब्जा ले लिया है। उधारकर्त्ताओं / जमानतदारों / बंधककर्त्ताओं का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के लिए आकर्षित किया जाता है।
विशेषतः ऋणकर्ता / ओं एवं जनसाधारण को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे संबंधित परिसंपत्ति / ओं की खरीद–फरोख्त न करें तथा इन परिसंपत्ति / ओं के किसी भी क्रय–विक्रय के लिए यहाँ नीचे खाता के समक्ष अंकित रकम एवं उस पर प्रभार्य ब्याज के लिए **पंजाब नैशनल बैंक** के बकाया प्रभार के अधीन होंगे– (रकम रु० में)

क्र. सं०	खाताधारक / जमानतदार / शाखा का नाम	सम्पत्ति के मालिक का नाम	बंधक सम्पत्ति का विवरण	माँग सूचना की तिथि	कब्जा सूचना की तिथि	माँग सूचना के तहत बकाया रकम
1.	शाखाः एसएमई, बोरिंग रोड (389100) उधारकर्ताः श्री मनीष कुमार एवं श्रीमति पुजा कुमारी, खाता नं.– 389100NC00008305	श्री मनीष कुमार एवं श्रीमति पुजा कुमारी	संपत्ति का वह समस्त भाग जिसमें सेल डीड सं.–20044, दिनांक 09.12.2024, फ्लैट सं.–302, तीसरी मंजिल, सत्या रेजीडेंसी, मौजा– चितकोहरा, मोहल्ला–चक दमरिया, थाना–गर्दनीबाग, प्लॉट सं.–1545, खाता सं.–22, तौजी सं.–5118, थाना सं.–17, निर्मित रकवा–1375 वर्ग फीट और भूतल पर आरक्षित कार पार्किंग श्री मनीष कुमार और श्रीमति पूजा कुमारी के नाम पर है, **चौहद्दी**:– उत्तरः गलियारा, दक्षिणः भवन का खुला स्थान, पूर्वः फ्लैट सं. 301, पश्चिमः भवन का खुला स्थान	21.08.2025	15.11.2025	₹ 51,48,976.59 (रु. इक्यावन लाख अड़तालीस हजार नौ सौ छिहत्तर और उनसठ पैसे मात्र) और उस पर ब्याज

दिनांक : 15.11.2025
स्थान : पटना
नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
(प्राधिकृत अधिकारी) पंजाब नैशनल बैंक

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

वसूली व विधि अनुभाग, क्षेत्रीय कार्यालय
डुमरी रोड, गोबरसाही, मुजफ्फरपुर, जिला – मुजफ्फरपुर, बिहार – 842002, मो.– 8437350570

ई–नीलामी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय सूचना।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी / प्रभारित है, का प्रलक्षित / वास्तविक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूति लेनदार केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जो है जहां है"**, **"जो है क्या है"** एवं **"वहां जो कुछ भी है"** के आधार पर दिनांक 10.12.2025 एवं 24.12.2025 को बेचा जाएगा। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

क्र. सं.	शाखा का नाम एवं पता	ऋणी / बंधककर्ता का नाम एवं पता	बकाया राशि	बंधक सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / EMD रकम / बोली वृद्धि की राशि खाता सं. / IFSC कोड
1	मुजफ्फरपुर जूरन छपरा शाखा मुजफ्फरपुर बिहार मो.: 8210998501	ऋणी / दृष्टिबंधककर्ता – मे. वसुंधरा एसजीएन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट सं.–60 परमानंदपुर, माई अस्थान के पास, गोबरसही लदौरा रोड, मुसहरी, मुजफ्फरपुर –843113, **निदेशक 1 / जमानतदार 1 – अमित कुमार रॉय**, पिता–राम नारायण राय, डुमरी मझौली खेतल, खबड़ा, मुजफ्फरपुर – 843146, **निदेशक 2 / जमानतदार 2 – लाल बाबू साह**, पिता– राम सागर गुप्ता, मकान सं.–210 गली सं.– 5, लॉक डी, पुराने डाकघर के पीछे, संगम विहार, दक्षिणी दिल्ली, दिल्ली–110062, **जमानतदार 3 – अमिताभ कुमार**, पिता– श्री शिवनाथ साह, ग्राम–डुमरी पोस्ट खबड़ा, अंचल कुढ़नी, कांटी, मुजफ्फरपुर–843113, **निदेशक 3 / जमानतदार 4 – राजेश कुमार**, पिता– सुरेश प्रसाद साह, कंचनपुर, बिदुपुर, वैशाली, बिहार–844502, **बंधककर्ता / जमानतदार 5 – गीता राय**, पति–राम नारायण राय, महावीर स्थान के पूर्व, शांति निकेतन स्कूल के पास, डुमरी गोबरसही, डुमरी उर्फ दामोदरपुर, शाहजहां, खबड़ा, मुजफ्फरपुर – 843146	रू. 1,68,02,188.05 दि. 29.03.2025 तक+उसके आगे का ब्याज एवं खर्चे वसूली होने तक	संपत्ति के सभी भाग एवं खण्ड जिसमें शामिल संपत्ति श्रीमती गीता राय, पति–राम नारायण राय के नाम में, खाता सं.–525, खेसरा सं. / प्लॉट सं.– 1091, रकवा–3.75 डिसमील (1654 वर्ग फीट), **चौहद्दी – उत्तर** – सड़क 12 फीट, **दक्षिण** – शंभू प्रसाद राय, **पूरब** – खेसरा संख्या 1154, **पश्चिम** – सड़क 12 फीट, **स्थान** – मौजा – दामोदरपुर शाहजहां उर्फ डुमरी, आर.टी. संख्या – 332, जिला– मुजफ्फरपुर.	रू. 81,38,000/- रू- 8,13,800/- 10,000/- खाता संख्या – 209272434 आईएफएससी कोड– CNRB0002821
2	रोसड़ा शाखा मुजफ्फरपुर बिहार मो.: 8210998511	ऋणी 1 / बंधककर्ता 1 / स्व. बटोरन साह पिता– झगरू साह के कानूनी उत्तराधिकारी–मीना देवी, पति– बटोरन साह, गुदरी चौक, वार्ड सं.–15, रोसड़ा, समस्तीपुर – 848210, ऋणी 2 / कानूनी उत्तराधिकारी स्व. बटोरन साह पिता– झगरू साह– सोनू कुमार, पिता– बटोरन साह, गुदरी चौक, वार्ड सं.–15, रोसड़ा, समस्तीपुर – 848210, **स्व.बटोरन साह पिता– झगरू साह के कानूनी उत्तराधिकारी (ऋणी 3 / बंधककर्ता 2) – मीना देवी**, पति – बटोरन साह, गुदरी चौक, वार्ड सं.–15, रोसड़ा, समस्तीपुर – 848210, **सोनू कुमार**, पिता– बटोरन साह, गुदरी चौक, वार्ड सं.–15, रोसड़ा, समस्तीपुर – 848210, **मुन्ना कुमार**, पिता– बटोरन साह, गुदरी चौक, वार्ड सं.–15, रोसेरा, समस्तीपुर – 848210, **पिंटू कुमार**, पिता – बटोरन साह, गुदरी चौक, वार्ड सं.–15, रोसड़ा, समस्तीपुर – 848210.	रू. 8,91,528.32 दि. 08.04.2025 तक+उसके आगे का ब्याज एवं खर्चे वसूली होने तक	संपत्ति के सभी भाग एवं खंड **बंधककर्ता 1– मीना देवी**, पति– बटोरन साह, **बंधककर्ता 2– स्वर्गीय बटोरन साह**, पिता– झगरू साह (कानूनी उत्तराधिकारी मीना देवी पति– बटोरन साह, सोनू कुमार, पिता– बटोरन साह, मुन्ना कुमार, पिता– बटोरन साह एवं पिंटू कुमार, पिता– बटोरन साह के द्वारा प्रतिनिधित्व), खाता सं.– 674, खेसरा सं.– 1853 (पुराना), 2034 (नया), कुल रकवा–4.5 डिसमील, **चौहद्दी – उत्तर** – नीज मनमोकिर, **दक्षिण**– चतुरी प्रसाद हाल खरीददार, **पूरब** – जगत पोद्दार, **पश्चिम**– सड़क, **स्थान**– मौजा– मोहिउद्दीन नगर उर्फ रोसड़ा, आरटी सं. 69, लोहिया नगर, पो.– रोसड़ा, जिला–समस्तीपुर, संपत्ति के मालिक का नाम – **बंधककर्ता 1– मीना देवी**, पति– बटोरन साह, **बंधककर्ता 2– स्वर्गीय बटोरन साह**, पिता– झगरू साह (कानूनी उत्तराधिकारी मीना देवी पति– बटोरन साह, सोनू कुमार, पिता– बटोरन साह, मुन्ना कुमार, पिता– बटोरन साह एवं पिंटू कुमार, पिता– बटोरन साह के द्वारा प्रतिनिधित्व)	रू. 19,12,500/- रू- 1,91,250/- 10,000/- खाता संख्या – 209272434 आईएफएससी कोड– CNRB0004572

क्रम सं. 1 के लिये ई–नीलामी की तारिख 10.12.2025 है तथा ई.एम.डी. की तारिख 08.12.2025.
क्रम सं. 2 के लिये ई–नीलामी की तारिख 24.12.2025 है तथा ई.एम.डी. की तारिख 22.12.2025.
विक्रय के निबंधन एवं शर्तों के ब्योरे के लिए कृप्या प्रतिभूति लेनदार के वेबसाईट – www.canarabank.com/pages/bihar, http://baanknet.com पर जायें.

वाद की स्थिती में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

Scanned with OKEN Scanner